एमसीएल में कोयला मंत्रालय द्‌वारा राजभाषायी निरीक्षण बैठक-सह- कार्यशाला सम्पन्न

दिनांक 23 अप्रैल,2016 को महानदी कोलफील्डस लिमिटेड, जागृति विहार स्थित मुख्य सभागार में श्री एल.एन. मिश्रा, निदेशक(कार्मिक), एमसीएल की अध्यक्षता में कोयला मंत्रालय की राजभाषायी निरीक्षण बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के श्री सुबोध कुमार,संयुक्त निदेशक (राजभाषा) एवं डॉ. हरिश्च शर्मा, हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर के साथ-साथ एमसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष,क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी, नामित राजभाषा अधिकारी, अनुवादकगण तथा राजभाषा कार्यान्वयन से जुड़े कर्मचारी गण उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय द्‌वारा कोयला मंत्रालय, राजभाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (राजभाषा) श्री सुबोध कुमार का स्वागत किया गया।

श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि. सं./राजभाषा) ने अध्यक्ष एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एमसीएल ग-क्षेत्र में अवस्थित होते हुए भी यहॉ राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन जोर-शोर से हो रहा है, इसका श्रेय यहां के हिंदी प्रेमी कार्मिकों को जाता है। हम सभी भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि एमसीएल राजभाषा नीति के अनुपालन, इसके प्रचार-प्रसार में निरन्तर प्रयासरत है। राजभाषा की टीम सभी क्षेत्रों में पदस्थापित किए जा चुके हैं, जो अपने मेहनत एवं लगन से राजभाषा नीति के पूर्णतया अनुपालन में सहायक सिद्ध होंगे एवं एमसीएल भारत सरकार के राजभाषा पुरस्कारों को हासिल करने में भी कामयाव होगा । उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में विभिन्न विषयों में खासकर स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित राजभाषा कार्यशालाएं तथा परिचर्चाएं आयोजित कराई जाएं जिसमें हिंदी भाषा का प्रयोग पूर्ण रूप से की जाए।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, वरि. अधिकारी(सचिवीय/राजभाषा) द्‌वाराबैठक के संचालन के साथ-साथ एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियों का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन किया गया।

बैठक के तुरंत बाद राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे मंत्रालय के प्रतिनिधि श्री सुबोध कुमार द्‌वारा संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्णतया अनुपालन करना हम सब का दायित्व है। साथ ही एमसीएल में राजभाषा नीति /नियमों के पूर्ण एवं बेहतर अनुपालन हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में श्री राजपाल यादव, महाप्रबंधक(कार्मिक)/ क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, ईब वैली क्षेत्र ने ईब वैली कोयलांचल में तथा श्री जी.पी. महापात्रा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, लिंगराज क्षेत्र ने तालचेर कोयलांचल में राजभाषा नीति के अनुपालन में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

डॉ. हरिश्च शर्मा ने कहा कि एमसीएल में हिंदी भाषा प्रशिक्षण सत्र नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इसके अलावा यहां अनुवाद प्रशिक्षण, कार्यशाला, यूनिकोड प्रशिक्षण, नव नियुक्तियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम, नराकास,संबलपुर के अन्तर कार्यालयीन प्रतियोगिताएं, राजभाषा सेमिनार आदि कराए जाते हैं,जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन, अनुवाद ब्यूरो एवं हिंदी शिक्षण योजना से संकाय सदस्यों को आमंत्रित किए जाते हैं।

कार्यशाला में श्री दिनेश कुमार माली, वरि. प्रबंधक(खनन)/नामित राजभाषा अधिकारी, लिंगराज क्षेत्र द्‌वारा संपादित '**मेरा तालचेर**' किताब का विमोचन अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से किया गया।

बैठक के अंत में श्री माली द्‌वारा हिंदी के महान कवि डॉ. हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियों- '*लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती....*' का पाठ करते हुए बैठक में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया एवं इसके साथ ही कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।

सुबोध कुमार
संयुक्त निदेशक (राजभाषा),
कोयला मंत्रालय

एल. एन. मिश्रा
निदेशक(कार्मिक)